[प्रो॰ चन्द्रेश पी॰ ठाकुर]

स्पष्टीकरण सरकार के स्टेटमैंट पर है, महाजन जी पर नहीं है। इसकी चर्चा आप सदन के बाहर करें।

श्री मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी: तो होम मिनिस्टर साहब से मेरा यह कहना है कि जो नारे यहां लगे हैं कश्मीर के सिलसिले में या देशभक्ति के सिलसिले में, इस देश में ऐसे भी नारे लग रहे हैं कि हिन्दी, हिन्दू, हिन्दूस्तान, मुस्लिम भागो पाकिस्तान, हिंदुस्तान में रहना होगा, वन्दे मातरम कहना होगा, मुसलमानों की एक तबाही, जूता-चप्पल और पिटाई, इस तरह के नारों के जरिए मुल्क की हालत इतनी ज्यादा खराब हो गई। मैं समझता हूं कि इन नारों पर कंट्रोल करने की जरूरत है और जो वाक्या हुआ है, उसकी छान-बीन के लिए मैं अनुरोध करता हूं कि होम मिनिस्टर साहब सैंट्रल कमेटी की एक जांच कमेटी बनाकर उसकी तफतीश करवाएं और जो मामले हों, इन्साफ के साथ, सख्ती के साथ उस पर अमल करके, आगे के लिए फिरकापरस्ती की रोकथाम करें ताकि मुल्क में सफर करने वालों को ज्यादा से ज्यादा आसानियों को तहफ्फुज़ फरहाम किया जा सके।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): Now hon. Members, it is 1. 30 p. m. This is a time you have to make a choice between physical hunger and political curiosity. *(Interruptions)*

SHRI VISHVJIT P. SINGH (Maharashtra): I always make a choice for physical hunger.

SHRI V. NARAYANASAMY: We all support Mr. Vishvjit Singh. *(Interruptions)*.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF CHANDRESH P. THAKUR): There are 11 names here on this statement itself and if you compromise in favour of your political curiosity, then those who have to seek clarifications and of course the Minister, will have to forgo their lunch or delay their lunch.

SHRI VISHVJIT P. SINGH: No, no. We won't do that. We want the House to be adjourned now. *(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): The House stands, adjourned till 2. 30 p. m.

The House then adjourned for lunch at thirty-three minutes past one of the clock.

The House reassembled after lunch at thirty-three minutes past two of the clock,

[The Vice-Chairman (Prof. Chandresh P. Thakur) in the Chair.]

STATEMENT BY MINISTER

Incident at Palej Railway Station in Bharuch District of Gujarat—contd.

डा॰ रत्नाकर पाण्डेय: माननीय उपसभाध्यक्ष जी, आपकी अध्यक्षता में मैं इस सदन में बोल रहा हूं। आपको इस पद पर सदन ने अधिकृत किया है उपसभाध्यक्ष के पैनल में। हम आपका स्वागत करते हैं और विश्वास करते हैं कि इस सदन की सर्वोच्च परंपरा के अनुरूप और भी विकसित मूल्यों की स्थापना आपकी अध्यक्षता में होगी।

गृह मंत्री जी ने एक दल विशेष के एक विशेष सदस्य के विशेष आग्रह पर गुजरात के भरूच जिले के पालेज रेलवे स्टेशन पर 30 अप्रैल की दुर्घटना के संबंध में आज एक वक्तव्य दिया है। उसमें भारतीय जनता पार्टी के एक एम॰एल॰ए॰ श्री प्रकाश मेहता के नेतृत्व में एक ग्रुप आ रहा था, कल दिल्ली

में जो भारतीय जनता पार्टी की रैली हुई है, उसमें भाग लेने के लिए।

उस स्टेशन पर लगभग दो सौ व्यक्तियों ने जिसको मंत्री महोदय ने अवैध भीड़ सम्बोधित किया, वैध-अवैध शब्द महत्वपूर्ण हैं, और गाड़ी पर पथराव शुरू कर दिया गया । उसके पहले जो स्वयं सेवक थे वे नारे लगा रहे थे। जैसा अनेक सदस्यों ने पूछा और प्रचलन हो गया है कि मॉयनोरिटी को दबाने के लिये आये दिन नारे लगते रहते हैं — कटी सुपारी पक्का पान, कटुवा जाओ पाकिस्तान इस तरह के नारे कानपुर में लगे बजरंग दल की मीटिंग में और सब एक ही थैले के चट्टे-बट्टे हैं। जितने भी साम्प्रदायिक दल हैं और लगता है कि कुछ इस तरह के उत्तेजक नारे लगाये गये जिससे एक वर्ग-विशेष को मर्माहत होना पड़े । मैं जानना चाहता हूं कि जो लोग विधायक के साथ दिल्ली यात्रा कर रहे थे उसमें कितने लोग थे और क्या सब लोगों के पास दिल्ली आने के लिये रेलवे टिकट था और जब दूसरी बार प्लेटफार्म पर चेन खींची गयी तो वह चेन किस डिब्बे से खींची गयी? जिसमें भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के लोग यात्रा कर रहे थे, क्या उसी डिब्बे से यह जंजीर खींची गयी थी? इसके साथ ही तेज हथियार से हमला किया गया और जो अवैध भीड़ थी वह किस लिये जुटी थी ? और बस्ती कितनी दूरी पर थी स्टेशन से जहां पर यह घटना हुई है जो कि शर्मनाक घटना है और किसी भी दल के किसी भी कंवेंशन में या प्रदर्शन में भाग लेने आना कोई अपराध नहीं हैं, लेकिन बीच-बीच में इस तरह के जातीय और अल्पसंख्यकों पर उत्तेजना फैलाने वाली घटना हो, यह चिन्ता का विषय है । इतनी धारायें लगायी हैं गृह मंत्री जी ने, 302 से लेकर 323 तक 7-8 धारायें पुलिस ने लगायी हैं और रेलवे अधिनियम की 108वीं धारा में भी मामला दर्ज किया गया है। जो 21 व्यक्ति गिरफ्तार किये गये हैं उनमें किस सम्प्रदाय के लोग हैं? हिन्दू बाहुल्य सम्प्रदाय के लोग हैं या मुस्लिम बाहुल्य सम्प्रदाय के लोग हैं और अब तक मंत्री महोदय ने 30 तारीख को यह घटना हुई, जानकारी हासिल करली होगी लोकल एडमिनिस्ट्रेशन से, स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन से कि वास्तविक मामला क्या था? यह जो वक्तव्य है एक अखबार के स्टेटमेंट की तरह से है, मंत्री के स्टेटमेंट की तरह इसमें विस्तार से नहीं कहा गया है और जो व्यक्ति मरा है उसका नाम क्या था? वह किस दल से संबंधित था? क्या प्रदर्शन करने दिल्ली आ रहा था? और किन परिस्थितियों में उसकी हत्या की गयी है, इसकी जानकारी सदन चाहेगा और इसके साथ ही जो साम्प्रदायिक दंगे इस तरह से देश में भड़क रहे हैं, कभी गुजरात जलने लगता है, कभी उत्तर-प्रदेश का कोई शहर जलने लगता है, किसी मस्जिद को गिराकर के मंदिर बनाने की बात नये सिरे से शुरु की जाती है, मथुरा हो या काशी विश्वनाथ का मंदिर हो, इन सबके पीछे जो कम्युनल फोर्सेज हैं और जो इस देश के वातावरण को दूषित करके साम्प्रदायिक उन्माद में, जैसे अफीम का नशा होता है, उस तरफ देश को ला देना चाहती है, उसके लिये क्या कार्यवाही आपका गृह मंत्रालय कर रहा है? और जो साम्प्रदायिक दल हैं, चाहे वह हिन्दुओं के हों, चाहे मुसलमानों के हों, चाहे क्रिश्चनों के हों, चाहे किसी और धर्म में विश्वास करने वालों के हों, उनको बैन करने के लिये बार-बार इस सदन में आवाज उठी है और अभी तक आपकी सरकार ने उस संदर्भ में कुछ भी नहीं किया है। इसलिये मैं आग्रह करूंगा कि जो साम्प्रदायिक दल विद्वेष की भावना भारत में रहने वाले नागरिकों पर जातीय, सम्प्रदाय और वर्ग-विशेष का हौवा खड़ा करके फैला रहे हैं और देश के वातावरण को विषाक्त, दूषित और रक्तरंजित कर रहे हैं, उनके खिलाफ आप क्या कार्यवाही कर रहे हैं?

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: उपसभाध्यक्ष महोदय, जैसा मैंने कल ही अपने वक्तव्य में कहा था कि सरकार बयान देते समय लीपापोती करने की कोशिश करेगी और मैंने यह भी कहा था कि सरकार निश्चित रूप से कहेगी कि कुछ उत्तेजक नारे लगे थे जिन नारों की प्रतिक्रिया में आक्रमण किया गया। ठीक वही मिथ्या आरोपों का एक पुलन्दा हमारे सामने लाकर रख दिया गया। मुझे दुख है कि जिन के ऊपर आक्रमण किया गया था और जिन्होंने आक्रमण किया था उन दोनों को एक ही पलड़े में रख दिया गया इस बयान में। मैं पूछना चाहूंगा मंत्री महोदय से कि उनके पास क्या सबूत है इस बात का जिसके आधार पर उन्होंने आक्रमणकर्ताओं को और जिन पर आक्रमण किया यानी जिनका एक आदमी मारा गया उन दोनों को बराबर के पलड़े के अंदर रखने की कोशिश की? उन्होंने आर०एस०एस० का नाम ले दिया। भारतीय जनता पार्टी

[श्री जगदीश प्रसाद माथुर]

की बात साफ थी क्योंकि झंडे लगे थे और हमारी स्पेशल बोगी थी। यह कहा जाता कि भारतीय जनता पार्टी के लोग थे तो इसमें सच्चाई है लेकिन आर०एस०एस० उसमें था यह उनकी जानकारी कहां से आ गयी? अब यह कहते हैं कि इंक्वायरी कर रहे हैं। न तो उन्होंने यह बताया कि कौन से उत्तेजक नारे लगे थे डिब्बों में से और न उन्होंने यह बताया कि आर०एस०एस० के आदमी थे वहां पर इसका उनको कैसे पता लगा कि आर०एस०एस० के आदमी थे। मेरा आरोप है कि आर०एस०एस० का नाम सिर्फ इसलिए लिया गया है जानबूझ कर जिससे हमला करने वालों के साथ साम्प्रदायिकता का झूठा आरोप सिद्ध करने की बुनियाद डाली जा सके। **(व्यवधान)**

श्री राधाकिशन मालवीय (मध्य प्रदेश): आप यह कहिये कि मंत्री जी झूठे हैं।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: मैं यह कह रहा हूं कि मंत्री जी झूठे नहीं हैं मंत्री जी का जो वक्तव्य है बिल्कुल झूठा है। **(व्यवधान)**

डा० रत्नाकर पांडेय: मंत्री जी झूठे हैं तभी तो ऐसा बयान दिया। **(व्यवधान)**

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: मंत्री जी को झूठा कहना और वक्तव्य को झूठा कहना दो अलग बातें हैं। **(व्यवधान)** मैं कह रहा हूं कि वक्तव्य बिल्कुल मिथ्या से भरा हुआ है। **(व्यवधान)** मैं पूछना चाहूंगा...

उपसभाध्यक्ष (प्रो० चन्द्रेश पी० ठाकुर): स्पष्टीकरण मांगें, आरोप न लगायें।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: मैंने पूछा है कि किस आधार पर दोनों को बराबर पलड़े पर रख दिया है और दूसरे यह पूछा कि आर०एस०एस० के लोग थे तो यह उन्होंने कहां से पता कर लिया.... **(व्यवधान)**

श्री विश्वजित पृथ्वीजित सिंह: मजा आ रहा है सुनने में। कहने दें यह क्या कह रहे हैं। **(व्यवधान)**

श्री अटल बिहारी वाजपेयी (मध्य प्रदेश): इन्होंने कहा कि इनको मजा आ रहा है **(व्यवधान)**

श्री विश्वजित पृथ्वीजित सिंह: उनकी बात सुनकर मजा आ रहा है। यह किस मंत्री जी के बारे में कह रहे हैं? मुझे सुन कर मजा आ रहा है...**(व्यवधान)**

श्री अटल बिहारी वाजपेयी: दंगे की चर्चा हो रही है और इनको मजा आ रहा है। **(व्यवधान)**

श्री विश्वजित पृथ्वीजित सिंह: दंगे कि चर्चा में मुझे मजा नहीं आ रहा है। दंगे कि चर्चा मैं करुंगा। जब मैं बोलूंगा तब आप को पता चलेगा कि दंगे की चर्चा कैसे की जाती है। **(व्यवधान)**

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: चार मिनट, कहा गया कि गाड़ी रुकती है। यह कहा गया कि नारों की प्रतिक्रिया में भीड़ आ गयी। कुछ और लोगों ने भी कहा है उसे मैं दोहराना चाहता हूं कि बतायें वहां से कितनी दूर गांव है और चार मिनट के भीतर-भीतर ही आदमी चले गये, लोग ले आये, आग लगाने का सामान ले आये, मिट्टी का तेल ले आये और हथियार ले आये। हथियारों का सबूत यह है कि एक आदमी को स्टैब करके मारा गया, यह स्वयं इस बात का सबूत है कि उनके पास हथियार थे। अगर सिर पर चोट लगा कर कोई मारा जाता तो शायद नहीं मानता लेकिन हथियार थे यह इस बात का सबूत है। दूसरे उन्होंने बताया कि उधर से बी०जे०पी० के लोगों ने नारे लगाये। यह उन्होंने कहां से पता कर लिया? दूसरे जो मैंने आरोप लगाया था — पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लग रहे थे, कश्मीर तो लेंगे ही हम भारत की बाकी जमीन भी लेंगे — ये नारे लग रहे थे, बाकी बेनजीर भुट्टो के नारे लग रहे थे, तो ये नारे नहीं लगे इस बात का सबूत उनको कहां से मिल गया जब कि इस बात का सबूत मिल गया उन डिब्बों में नारे लगे? दूसरी तरफ से नारे लगे हैं या नहीं लगे हैं यह बात उनको कहां से मालूम हुई? क्या सरकार के लोगों ने, मिनिस्टरी के आदमी ने..**(व्यवधान)**.. यहां पर उनको मालूम है कि हम लोगों की रैली थी और उस रैली में उस डिब्बे के जो बचे हुए लोग थे, आये थे। मैं

पूछना चाहूंगा कि क्या गृह मंत्रालय के किसी व्यक्ति ने, मंत्री महोदय के किसी प्रतिनिधि ने या स्वयं उन्होंने उन लोगों से मिल कर जानकारी करनी चाही थी? अगर नहीं चाही तो क्यों नहीं चाही? उन्होंने उन लोगों से मिलने को अवॉएड करना क्यों चाहा? इसलिए मेरा आरोप है कि वे जानबूझकर सच्चाई जानना नहीं चाहते थे। वे झूठ का पुलन्दा हमारे सामने रखना चाहते थे।

कल मैंने यह बात कही थी कि मुझे सन्देह है पर अब मुझे सन्देह नहीं। बाकी उधर से बोलते हुए कई मित्रों ने परसों कहा था कि पाकिस्तान के एजेंट कश्मीर-पंजाब से निकल कर हिन्दुस्तान भर में फैल गये। जांच के अंदर यह बात शामिल होगी कि नहीं क्योंकि मुझे सन्देह है कि सरकार का रवैया एक पक्षपात का रवैया रहा है और एक विशेष सम्प्रदाय के हाथ उन्होंने कम से कम अपनी नीतियों को गिरवी रख दिया। उस गिरवी रखने के कारण अत्याचार करने वाले और जिन पर अत्याचार हो रहा है उन दोनों को एक ही पलड़े में रखा है। मैं इन दोनों बातों की सफाई चाहूंगा। वैसे बाकी मेरे मित्र श्री महाजन बहुत कुछ कह चुके हैं उनको मैं दोहराना नहीं चाहता।

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry): Mr, Vice-Chairman, first of all, I congratulate you on your having occupied the Chair as Vice-Chairman of the House and I am speaking before you today...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): With a promise of cooperation.

SHRI V. NARAYANASAMY: Yes, mutual cooperation and help.

Sir, the statement made by the honourable Minister is incomplete. I find from the Members of this House that when a particular political party is referred to, they raise a strong objection to it and they say that the statement is false. I would like to say that the RSS party has been recognised and it has elected members...

SHRIMATI MARGARET ALVA (Karnataka): RSS is not a party.

SHRI V. NARAYANASAMY: Their members have been elected. When the Minister says in his statement that BJP and RSS members were travelling in the train, the BJP Members are taking exception to it. I do not know the reason behind it, especially the BJP which has been an ally of RSS. They are not repognising RSS when a statement is given in the House by the honourable Minister. As far as the slogans are concerned, it is very clear that religious fundamentalism has taken roots in this country for the past four to five months because of the policy adopted by some political parties. Some political parties are openly talking of Hindu Rshtra and some of them are for Muslim fanaticism. Because of such propaganda by the political parties in our country rioting, killing of innocent people, massacre of one community by another, are taking place. This is a sorry state of affairs. In a secular country like India religious fundamentalism has been allowed to grow even by responsible political parties. Therefore, when the Minister said that Bharatiya Janata Party and RSS people were going in the train in two bogies, the BJP Members were opposing it and I do not know the reason behind it. As far as the incident is concerned...

SHRI KAMAL MORARKA (Rajasthan): On a point of order. Is he asking for a clarification or is he refuting what Mr. Mathur has said? Is this a debate? Is he spending the time of the House for refuting what Mr. Mathur has said? We are not interested in what Mr. Mathur has said. We are interested in

[Shri Kamal Morarka]

seeking clarifications. You are wasting the time of the House.

SHRI V. NARAYANASAMY: What are you doing now? Are you going to speak?

डा० अबरार अहमद खान (राजस्थान): दोनों बातें कम्बाइन्ड हैं। स्पेशल मेंशन में जो आरोप लगाये गये हैं उनके बारे में कुछ सदस्य बोलते हैं तो इसमें कुछ, गलती नहीं है।

SHRI KAMAL MORARKA: Mr. Vice-Chairman, I want your ruling. If they are going to make speeches correcting what other Members have said, then we can have a Short Duration Discussion itself on this.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): Kindly put brief and clear questions for clarifications.

SHRI G. G. SWELL (Meghalaya): Sir, although I have been in the other House for four terms, I have yet to learn many things here. Now, I suppose that this, was only to seek clarifications in the form of questions. But the gentleman is making a long speech...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): Are you on a point of order?

SHRI G. G. SWELL: Should we make a speech on the pretext of seeking clarifications or should we only put certain questions which are relevant to the subject under discussion? This is what I want to know. Of course, I have yet to learn many things. *(Interruptions)*

AN HON. MEMBER: Why should you unnecessarily intervene?

SHRI G. G. SWELL: I am raising a point of order. *(Interruptions)*.

SHRI V. NARAYANASAMY: You are getting the support of BJP. You are bound to support them, I know.

SHRI KAMAL MORARKA: " I am also getting the support of Narayanasamy.

That is more important.

\

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): I think we should seek everybody's cooperation. We have to cooperate with each other. We know what the problem is. So far as 'the procedure is concerned, Members are supposed to ask clarifications specifically with relevance to the statement by the Minister. Marginal deviations here and there we have sort of to learn to live with. So, please, Mr. Narayanasamy.

SHRI V. NARAYANASAMY: Yes, Sir. It is reported that about 350 persons, some of them, pulled the chain after asking the people who were travelling in the two bogies to come out. The hon. Minister says in his statement that about 200 people gathered. Sir, it is very difficult also for the Minister to say that all these people belonged to a particular community. Sir, what is the role of the railway authorities, apart from the police administration, and what is the complaint lodged because the incident took place at the railway station? Was there any reported complaint by one of

the persons who have been travelling in the train to the railway authorities? Sir, I can see from the statement that there was a long delay in bringing the situation under control by the police authorities, even though the police had been summoned to the spot. Therefore, I would like to know, what was the reason for the delay in controlling the situation by the police authorities?

Sir, in the last para of the statement the Minister says that the Inspector-General of Police is conducting a high level inquiry. Sir, my submission is that the Inspector-General of police conducting an inquiry will not be impartial, and therefore I demand—the Hpme Minister will agree with me that an inquiry by a judicial officer should be there so that the report will be unbaised, and if the police officers conduct the inquiry, motive will be imputed by ■ the persons who are interested in this incident. Thirdly, Sir, did the Chief Minister of the State visit the place, and if so, what action has he taken after the incident was reported to him?

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): Shri Santosh Bagrodia. Not there. Shri S. S. Ahluwalia.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया: उपसभाध्यक्ष महोदय, कल..,

DR. NAGEN SAIKIA (Assam): He should be brief. Please ask him to be...

SHRI S. S. AHLUWALIA: Are you directing me?

DR. NAGEN SAIKIA: I am requesting the Chair.

SHRI S. S. AHLUWALIA: Then you should stand up and request.

DR. NAGEN SAIKIA: The Member always kills the time of the House.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): No aspersions, please.

SHRI M. M. JACOB (Kerala): No Member can say that any other Member is wasting the time of the House. It is really objectionable

DR. NAGEN SAIKIA: If it is an aspersion, I am ready to withdraw it.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया: उपसभाध्यक्ष महोदय, गुजरात में स्टेशन पर जिस ट्रेन में बी०जे०पी० के कार्यकर्ता दिल्ली में कश्मीर बचाओ की मीटिंग अटेंड करने के लिए आ रहे थे कल से उस पर हमले का मामला सदन में उठ रहा है। बड़े अफसोस की बात है कि इस सरकार की एक बैसाखी खुद खड़ी हो कर के कह रही है कि तुम ठीक से नहीं चल रहे हो और जो कुछ बयान ले कर आए हो वह सत्य से परे है। मैं भी यह कहता हूं कि यह बयान सत्य से परे है। इस में सत्यता नाम की कोई चीज़ नहीं है क्योंकि यह घटना जो खुद गृह मंत्री जी कहते हैं कि आर०एस०एस० और बी०जे०पी० के कार्यकर्ताओं ने कुछ ऐसे प्रोवेकेटिव स्लोगन उठाये जिसके कारण उधर से भी नारे लग रहे थे और इस सरकार की एक बैसाखी खड़ी हो कर कह रही है कि वह नारे वहां किसी एक समुदाय के लोग स्टेशन पर खड़े हो कर लगा रहे थे। पाकिस्तान जिन्दाबाद के नारे, बेनज़ीर भुट्टो जिन्दाबाद के नारे लगा रहे थे। नारों की बात आ रही है। सरकार का बयान जहां तक है कि नारे जिस तरफ से भी चल रहे हों मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या नारे लग रहे थे? यह नारे बम्बई से जब ट्रेन चली तब क्या यह नारे नहीं लग रहे थे? मैं जहां तक जानता हूं हर एक स्टेशन पर हर एक बाज़ार में, हर जगह जहां भीड़ इकट्ठी होती है, नारे लग रहे थे। हर एअरपोर्ट पर इंटेलीजेंस का आदमी होता है। जिस वक्त बम्बई से ट्रेन चली तो क्या इंटेलीजेंस ने दिल्ली तक आने के रूट में जितने भी स्टेट्स पड़ते हैं उनको एलर्ट किया कि इस में कुछ लोग ट्रेवल कर रहे हैं जिनके नारे भड़कीले हैं और किसी एक विशेष

[श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया]

समुदाय के दिल में या उनके मस्तिष्क में चोट पहुंचा सकते हैं और कहीं ऐसी घटनाएं घट सकती हैं, दंगा हो सकता है? क्या ऐसी कोई इनफारमेशन गृह मंत्री जी को मिली थी या नहीं मिली थी? नारे क्या थे? महोदय, जहां तक मैं जानता हूं एक तरफ हो सकता है पाकिस्तान ज़िन्दाबाद के नारे लग रहे थे परन्तु दूसरी तरफ यह नारे भी लगे थे—राम, कृष्ण, विश्वनाथ, तीनों लेंगे एक साथ। यह भी नारें लगे थे, इस देश में हिन्दू साठ करोड़, देंगे मस्जिदों को तोड़ मरोड़। यह भी नारे लगे थे 370 उठाओ, कश्मीर बचाओ और मुसलमानों को पाकिस्तान भगाओ। यह भी नारे लगे थे कि कटी सुपारी हरा पान, कटुआ को भगाओ पाकिस्तान। अगर यह नारे लगे थे तो गुजरात की सरकार जो आपकी पार्टी की सरकार है, चिमन भाई पटेल की सरकार है, वह क्या कर रही थी? क्या उसको इनफारमेशन मिली थी और उसने क्या प्रिकाशनरीमेज़र्ज़ लिये थे? एक छोटे से स्टेशन पर दो सौ, चार सौ आदमी इकट्ठा हो गये और वहां की जी०आर०पी० को पता नहीं लगा। स्टेशन पर जो इंटेलीजेंस का अफसर था उसको पता नहीं लगा और शहर में जो इंटेलीजेंस अफसर है उसको पता नहीं लगा। एस०पी०, डी०एम०, डी०एस०पी०, ए०डी०एम० वहां नहीं पहुंच सके। ढाई घंटे के बाद पहुंचे जैसे कि बी०जे०पी० के एक सदस्य ने बताया कि ढाई घंटे के बाद वहां पुलिस पहुंची। मेरा कहना है कि इसमें किस की कमजोरी है, किस की गैरज़िम्मेदारी है? इस में अगर किसी की गैरज़िम्मेदारी है तो वह चिमन भाई पटेल की सरकार की है, गुजरात सरकार की कमी है, डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन की कमी है जिन्होंने इस पर सतर्क होने की कोशिश नहीं की और ऐसा माहौल बना। इन चीज़ों को सामने रखते हुए हमें एक चीज़ पर विचार करना पड़ेगा कि जब हमारे मुल्क में चारों तरफ ऐसा माहौल बन रहा है। कल उस रैली को हमारे मुल्क के बड़े ही संजीदा लीडर श्री एल०के०आडवाणी, श्री अटल बिहारी वाजपेजी और श्रीमती विजय राजे सिंधिया ने एड्रेस किया और वहां जो बातें कहीं (**व्यवधान**)

डा० रत्नाकर पाण्डेय: माथुर जी भी गये थे । (**व्यवधान**)

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया: इन्होंने अपने भाषण में जो बातें कहीं एक तरफ तो इन्होंने अपना स्टैंड क्लीयर कर दिया परन्तु बड़े अफसोस की बात है वहां खड़े हो कर इन नारों के बारे में जो पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाए गए वह तो बताएं।

किंतु अपनी कमजोरियों को नजरअंदाज कर गये। महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से कहना चाहूंगा कि आइंदा ऐसी रैलियां रोज होंगी और यहां के बोट क्लब को छोड़िये, शहर-शहर में बोट क्लब बन जायेंगे क्योंकि आने वाले दिनों में कई चीजों के ऐग्रीमेंट का टाइम खत्म हो रहा है, कहीं बाबरी मस्जिद तोड़ी जायेगी, कहीं बनायी जायेगी, कहीं राम जन्म भूमि तोड़ी जायेगी और बनायी जायेगी। अब नारे ही जब लगने लगे हैं कि राम, कृष्ण, विश्वनाथ तीनों लेंगे एक साथ तो एक ही साथ सैलाब आने वाला है। तो मैं आपके माध्यम से गृह मंत्री महोदय से पूछूंगा कि इस के बारे में हर एक स्टेट्स के चीफ मिनिस्टर्स की या होम मिनिस्टर्स की मीटिंग बुलाकर कोई एक फैसला लेने की बात सोच रहे हैं या नहीं सोच रहे हैं? कम्यूनल टेंशन को कम करने के लिए क्या कर रहे हैं। इसके साथ साथ मैं गुजारिश भी करूंगा आपके माध्यम से और जब से सदन का सत्र चला है तब से गुजारिश कर रहे हैं कि कंट्री में जो टेंशन का माहौल बन रहा है उस पर इस सदन में चर्चा करने की जरूरत है। जैसा कि हमारे बंधु प्रो० साइकिया जी ने कहा कि मैं वक्त बरबाद करता हूं तो मैं वक्त इसलिए बरबाद करता हूं कि यह सरकार काम के विषयों पर कोई चर्चा नहीं करती और जब किसी सदस्य को कोई वक्त मिलता है तो वह अपने दिल के गुबार को निकालने का रास्ता ढूंढ़ता है चाहे वह इधर बैठा हो या उधर बैठा हो। आज दिल में जो गुबार जमा है उसको निकालने का एक मौका चाहिए और ये जो शॉर्ट ड्यूरेशन नोटिस हम लोगों ने दिये हुए हैं उन पर भी जरा विचार करें और कम्यूनल टेंशन को भी डिसकस करें।

उपसभाध्यक्ष (प्रो० चन्द्रेश पी० ठाकुर): स्पष्टीकरण।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया: स्पष्टीकरण ही मांग रहा हूं। वह भी एक स्पष्टीकरण है। आपके माध्यम से सरकार को ही बता रहा हूं कि वे भी जरा सामने आयें और बतायें। ऐसी ट्रेन जिसमें जलूस चला था तो यह बतायें कि बम्बई से जब यह चली थी तो उसमें सिक्योरिटी की कोई व्यवस्था थी या नहीं थी। उस ट्रेन में कोई पुलिस वाला चला था या नहीं क्योंकि ऐसा देखने में आया है कि पहले जब भी कोई पोलिटिकल पार्टी ऐसे बुक करती है तो उनके साथ इंटेलीजेंस के आदमी चलते हैं। अगर चलते हैं और चले थे तो उनकी क्या रिपोर्ट है यह मैं जानना चाहता हूं। धन्यवाद।

SHRI VISHVJIT P. SINGH: Mr. Vice-Chairman, Sir, I rise with a very heavy heart. I have been in this Chamber since the year 1982. It is not a very long period of time. But never ever—I repeat never, ever-have I ever seen a statement which in tone and tenor is like this statement. This is a statement which is calculated, and I repeat this in all responsibility that this is a statement which is calculated to create communal tension. And I straightaway go to my clarifications. I want to know from the hon. Minister as to why he has chosen to blame the members' of one community. No statement made in either of the Houses of Parliament by any Government prior to this his ever said so blatantly "200 Muslims". How do you know they were Muslims? Did you have some special knowledge, Mr. Minister, that you knew they were Muslims?

AN HON. MEMBER: He is a new Minister.

SHRI VISHVJIT P. SINGH: I want to know from him as to what clouds his vision that when he looks and sees something happening which is dangerous, he thinks that it is being done by Muslims? Is that your vision, Mr. Minister? And behind the Muslims, he sees the hand of Pakistan. (*Interruptions)* That is what you want to do. *{Interruptions).* I am seeking a clarification from the hon. Minister. I want to know what clouds his vision. How did he come to the conclusion that these were Muslims?

AN HON. MEMBER: Where is it written?

SHR. I VISHVJIT P. SINGH: It is written there.

SHRI KAMAL MORARKA: Who said that all Indian Muslims are Pakistanis? he is just spotting the atmosphere and communalising the House also. He is communalising the House also.

SHRI VISHVJIT P. SINGH: No, no. *{Interruptions).*

SHRI KAMAL MORARKA: Where is it written that behind every Muslim, there is Pakistan? *{Interruptions).*

SHRI VISHVJIT P. SINGH: I am sorry. You had your say. Kindly hear what I have to say. *{Interruptions)* I am not saying that. This is what the hon. Minister has said.

SHRI KAMAL MORARKA: Who said 'Pakistan' just now? The word has been used by the other side, not by us.

SHRI VISHVJIT P. SINGH: All the B. J. P. Members have said 'Pakistan'.

SHRI KAMAL MORARKA: Are your seeking clarifications on the Minister's statement, or, on what the B. J-. P. Members have said?

SHRI VISHVJIT P. SINGH: Please allow me to continue. *(Interruptions)*

SHRI KAMAL MORARKA: Mr. Vice-Chairman, Sir, please bring this house to some semblance of order. If they are interested in joining a debate with B. J. P., they can go to the Central Hall or the Boat Club. Why are they wasting the time of the House? *(Interruptions)* Sir, I have a point of order. Please hear me for two Minutes. Perhaps, on this issue, our views may not be varying. But the manner in which we are trying to channelise the discussion is highly objectionable. I may not agree with Mr. Mathur, but I will defend Mr. Mathur's right to speak. We cannot stifle him.

SHRIMATI MARGARET ALVA: Nobody is stifling him. *(Interruptions)*

SHRI KAMAL MORARKA: Please listen to him. You cannot reply to him. Your can only seek clarifications. This is not a debate. When there is a debate, you can reply to him.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): What is your point of order?

SHRI KAMAL MORARKA: My

[Shri Kamal Morarka] point of order is that clarifications have to be sought only on the Minister's statement and not on what the other Members have said in the House.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): Mr. Vishvjit Singh is a very senior Member. I am sure he will apply the necessary moderation.

SHRI VISHVJIT P. SINGH: I am not going to say that the Minister said. I am not saying that the Minister said that every Muslim is a Pakistani. I am not saying that, Mr. Morarka.

AN HON. MEMBER: You are repeating it.

SHRI VISHVJIT P. SINGH: I am not saying that I am not saying that the Minister said that every Muslim is a Pakistani. But I take strong objection, very strong objection, to the I mention in the statement '200 Muslims.....

श्री सिकंदर बख्त (मध्य प्रदेश): मुसलमान कहां लिखा है, भाई? वक्तव्य में लिखा है कि

"Some local Muslims resented" This is being twisted.

उन्होंने रिज़ेंट किया है। ...**(व्यवधान)**.

SHRIMATI MARGARET ALVA: Please read the statement. It says "The BJP/RSS volunteers in the train were shouting slogans, of which some were apparently resented by some local Muslims living close to the Railway Stateion. "

AN HON. MEMBER: Not '200 Muslims' *(Interruptions)*

SHRI KAMAL MORARKA: What is wrong with that?

SHRIMATI MARGARET ALVA: What do you mean by 'Muslims'? Why 'Muslims'? *(Interruptions)*

SHRI KAMAL MORARKA: If Mr. Vishvjit Singh cannot understand this, I pity his intelligence. *(Interruptions)*

SHRI VISHVJIT P. SINGH: You have proved my point, Mr. Morarka. Mr. Vice-Chairman, if these 200 people belonged to all the communities, ... *(Interruptions)* what was the need for the hon. Minister to mention that this was resented by the local Muslims? This proves my point.

SHRI KAMAL MORARKA: It proves nothing.

डा० रत्नाकर पाण्डेय: अंग्रेजी में मुसलमान शब्द है।

श्री कमल मोरारका: अंग्रेजी में मुसलिम शब्द नहीं है। ...**(व्यवधान)**

श्री सिकंदर बख्त: मुसलमानों ने नाराजगी का इजहार किया है। ...**(व्यवधान)**

SHRI KAMAL MORARKA: They cannot doctor the Statement. They can only seek clarifications. *(Interruptions)* No clarification is being sought. They want to doctor it in a particular manner. They can do so when they become Ministers. *(Interruptions)*

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): There are two things. On the general procedure, there should be no dispute, on difference of opinion, that the clarifications have to be sought within the confines of the statement made by the hon. Minister.

SHRI VISHVJIT P. SINGH: This is what I am doing.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF CHANDRESH P. THAKUR): I have studied the statements carefully. There are two points. One is, the words '200 persons' do not identify any community. At the some time, the earlier sentence says "... some local Muslims living close to the railway station". By implication,... *(Interruptions)* Have patience.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): If Mr. Vishvjit Singh's clarification is on the point, whether the Minister has before him some bases to know that the people living in the neighbourhood were all Muslims or only Muslims, then the clarification has some relevance.

SHRI VISHVJIT P. SINGH: That is what I am saying. Excuse me, Sir. *(Interruptions)*. I am not yielding. I would like to know from the Minister why he has used this sentence, this reprehensible sentence, this word, which has cast aspersions on one community, a community, let me tell you, Mr. Vice-Chairman, which I hold in great esteem, a community...

SHRI KAMAL MORARKA: This is highly objectionable. He is trying to cast aspersions. *(Interruptions)*.

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY: (Andhra Pradesh): What a pity. You are taking advantage of this to fan communal feeling. We refuse to be associated with this.... *(Interruption)*. What a pity, how the mighty have fallen!

SHRI KAMAL MORARKA: The party which shamelessly fields Arun Govil for election, campaign talks about Muslim respect to us.

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY: Better not talk like this. All of us are Indians. Do not try to take advantage. Do not talk to take advantage. Do not talk like this only to win the battle against the Government.

SHRI S. S. AHLUWALIA: You go through the statement. Do not shout. *(Interruption)*. This statement is not prepared by my party, it is prepared by your Government. It is not our statement.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF TOURISM (SHRI SATYA PAL MALIK): Sir,...

SHRI VISHVJIT P. SINGH: Is the hon. Minister seeking clarification?

SHRI SATYA PAL MALIK: I want to make a submission.

विश्वजीत जी ने जिस चीज की तरफ ध्यान दिलाया है, मैं यह मानता हूं और सरकार की तरफ से यह निवेदन करना चाहता हूं कि बेहतर होता यदि इस तरह से उनका बयान नहीं होता। ...(व्यवधान)...लेकिन...

SHRI VISHVJIT P. SINGH: That is right. Mr. Satya Pal Malik, we commend you.

श्री सत्यपाल मलिकः श्रीमन्, लेकिन जिस तरह से इस चीज की हम ने यहां चर्चा कर दी है, उससे और ज्यादा नुकसान हो गया है। मैं निवेदन करूंगा कि इस को यहीं भूल जाना चाहिए।

SHRI VISHVJIT P. SINGH: I will accede to the request of my friend, Mr. Malik, I will seek only one last clarification from my friends.

SHRI DIPEN GHOSH: Say, 'hon. Minister' not 'friend'.

SHRI S. S. AHLUWALIA: Ministers are not friends, they are enemies, mind that. *(Interruption)*.

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: Why did they not make Mrs. Renuka a Minister?

SHRI VISHVJIT P. SINGH: I was always under the impression that on that side sat my opponents and on this side my enemies. *(Interruptions)*.

Now, after what Mr. Satya Pal Malik has said, I would like to seek only one last clarification. It has been said that I am vitiating the atmosphere. I am not vitiating the atmosphere. It is this statement which is vitiating the atmosphere. I would like to know from the Minister, is this statement drafted by the BJP/RSS or is it drafted by you? Let us know that and that is my last clarification.

डा॰ अबरार अहमद खानः उप सभाध्यक्ष महोदय, कल से इस घटना की बात जब से सदन में आई है, यह चर्चा चल रही है। इस घटना में एक व्यक्ति मारा गया है, बेहतर होता कि यह सवाल इस प्रकार से न होता कि मरने वाला हिन्दू था या मुसलमान था। मारने वाला हिन्दू था या मुसलमान । यह बेहतर होता कि यह नहीं कहा जाता कि मरने वाला कांग्रेस का था या आर॰एस॰एस॰ का, मरने वाला एक हिन्दूस्तानी था, एक भारतीय था, एक इंसान था और उसके दर्द की चर्चा को लेकर, उसके दर्द की बात को लेकर हम यहां बात करते। मारने वाला कौन था यह तो जिस सरकार का आप समर्थन कर रहे हैं, बैसाखी देकर जिसको खड़ा कर

[डा॰ अबरार अहमद खान]

रखा है, वही बतायेंगे। महोदय, मैं इस संबंध में बहुत साधारण से कुछ सवाल करना चाहता हूं। सवाल बहुत साधारण हैं, लेकिन यदि उन सवालों का जवाब माननीय मंत्री जी दे दें तो जिस घटना की हम चर्चा कर रहे हैं उस पर काफी प्रकाश पड़ सकता है। मेरा पहला एक छोटा सा सवाल यह है कि वह लोग जो वहां इकट्ठे हुए थे वह वहीं के रहने वाले थे या कहीं से आकर इकट्ठे हुए थे या आस-पास के लोग थे? अगर इस सवाल का जवाब कोई जांच करके यह दें तो इस घटना पर काफी प्रकाश पड़ सकता है। दूसरा मेरा यह सवाल है कि वहां यह कहा गया कि रेलवे पुलिस वहां मौजूद थी, रेलवे पुलिस के दो सिपाही मौजूद थे थ्री नोट थ्री को रेलवे के बीच के ज्वाइंट को काटने में काम लिया गया। मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि क्या वहां रेलवे पुलिस थी? अगर थी तो उसका आचरण क्या था? उसने वास्तव में क्या किया और क्या वहां पुलिस रेगुलर विज़िट पर जिस तरह से लगाई जाती है उस तरह से लगाई गई थी या विशेष रूप से, किसी जानकारी होने के बाद, उन दो सिपाहियों को, वहां यदि थे, को नियुक्त किया गया? इसके साथ ही साथ, यह कहा गया है कि चार मिनट ट्रेन जब वहां ठहरती है और वक्तव्य में कहा है कि चार मिनट के दौरान वहां कोई घटना हुई। तो जंजीर खींची गई और उसके बाद यह घटना हुई। जो जंजीर खींचने के पहले जब चार मिनट ट्रेन वहां रुकी उस वक्त क्या वहां कोई भीड़ थी, क्या कुछ लोग वहां एकत्रित थे? अगर थे तो यहां एक बहुत स्पष्ट बात हो जाती है कि चार मिनट के दौरान झगड़ा क्यों नहीं हुआ। चार मिनट ट्रेन के रुकने के बाद जब दोबारा ट्रेन चली जंजीर खींच कर झगड़ा हुआ तो वह जंजीर जैसा भाई रत्नाकर जी ने बताया कि किस डिब्बे से खींची गई रेलेवेंट फिक्शन है जिस डिब्बे में वह यात्री, मैं यात्री कहूंगा, उनको मैं किसी राजनीतिक पार्टी का नहीं बोल रहा हूं, जो यात्री जिनके साथ यह घटना घटी क्या उस डिब्बे से जंजीर खींची गई या इस प्रकार के यात्री जो अन्य डिब्बों में यात्रा कर रहे थे उससे जंजीर खींची गई या किसी अन्य डिब्बे से खींची गई? महोदय, एक बात और कि इस स्टेशन के पहले या इसके ठीक पहले वाले किसी स्टेशन पर उन यात्रियों ने कोई लूटपाट की थी? यदि की थी, माननीय मंत्री जी इसकी जांच करके जवाब दें तो क्या उस लूट-पाट से इस झगड़े का कोई ताल्लुक था? इसके साथ ही साथ, माथुर साहब सुनिए बात, बात को स्पष्ट होना चाहिए, तो अंतिम मेरा सवाल इसमें है कि जो नारों के बारे में बात कही गई है तो वह सवाल जैसे पूछा जा चुका है कि कौन से नारे लग रहे थे और दूसरे पक्ष में जो नारे लगाने की बात कही है वह नारे भी क्या माननीय मंत्री जी यह बहुत संवेदनशील मामला है, क्या वह नारे भी जो दूसरे पक्ष ने लगाए वास्तव में वहां लगाए गए हैं? महोदय, नारे की जहां तक बात है यह कोई नई नहीं है। इस सदन में मैंने कई बार इस बात को दोहराया। आज जितने भी सांप्रदायिक झगड़े इस देश के अन्दर हुए हैं उनकी नींव में अगर खोद कर देखा जाए तो यही संवेदनशील नारे और भड़काने वाले नारे निकलेंगे। तो मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहूंगा और उसके पहले एक बात कहना चाहूंगा कि इंसान कोई भी मरे, आदमी कोई भी मरे, मुल्क के किसी कोने में मरे, मुल्क के किसी गांव में मरे, किसी कस्बे में मरे, इस सदन में बैठने वाले प्रत्येक सदस्य को, हरेक आदमी के मरने की तकलीफ उतनी ही होनी चाहिए जितनी तकलीफ कल हुई। उसी प्रकार से उसके बारे में वक्तव्य मांगना चाहिए जिस प्रकार से कल मांगा। माननीय मंत्री जी, क्या आतंकवाद या सांप्रदायिक झगड़ों में जो हत्याएं हुई उस में कितने लोग मरे, क्या आप उनका वक्तव्य भी यहां देंगे कि उनको कैसे मारा गया? वह कैसे झगड़े हुए? कानपुर में पी॰ए॰सी॰ ने गोली से कैसे लोगों को मारा, कोटा में कैसे मारा, जयपुर में कैसे मारा, मेरठ में कैसे मारा? माननीय उप सभाध्यक्ष महोदय, दर्द के अन्दर दोहरे मापदंड नहीं होने चाहिएं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी मेरा सीधा सवाल है कि जो लोग इस झगड़े के अलावा अन्य झगड़ों में भी इस प्रकार से मरे हैं, उनके बारे में भी क्या इस सदन में रोशनी डालेंगे?

अंतिम बात मैं कहना चाहता हूं कि मरने वाले इंसान की वकालत करने के लिए हम सदन में खड़े होते हैं। मरने वाले की पवित्र आत्मा एक इंसान की है और उनकी वकालत करने के लिए पहले वकालत करने वालों को इंसान बनना पड़ेगा। धन्यवाद।

DR. NAGEN SAIKIA: Sir, I want to know how many Members of party are allowed to seek clarifications, under the rules of the House, on the statement made by the Minister.

THE VICE-CHAIRMAN. (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): As far as I am concerned, I am following the rule followed earlier-all the names. Kumari Chandrika Kenia *(Interruptions)...*

डा॰ रत्नाकर पाण्डेय: सब पूछेंगे। सब पूछेंगे। **...(व्यवधान)...**

KUMARI CHANDRIKA PREMEJI KENIA (Maharashtra): Mr. Vice-Chairman, Sir, the starting point of the incident, as presented in the statement made by the honourable Minister, seems to be the slogan shouting by the BJP group and, I quote, "resented by some local Muslims living close to the Railway Station. " Pausing here for a moment, I beg to submit that 6n the face of it it sounds very fishy and it looks like the cause and effect. There is the other version made by the BJP People, those people who were travelling in the same train. They told us that a mob of 200-300 people was already present at the railway station and they were shouting slogans like, "Allah-o-Akbar" and "Pakistan Zindabad" and it was a pre-planned attack. I would like to know from the honourable Minister what the facts are whether the slogan shouting was done by the mob which was present at the railway station and whether the attack was a preplanned attack. My second clarification will be: The honourable Minister has stated that 21 persons were arrested by the police. I would like to know from the honourable Minister whether any weapons were seized from these people who were arrested by the police and whether they were local people or they were infiltrators who are scattered in the country with a view to destabilizing the country and destroying the unity and integrity of the country. Finally, in the last paragraph it is stated that the State Government has ordered a high-level inquiry and the IGP is conducting the inquiry. My question will be: How much time will the IGP take to complete the inquiry?

Thank you.

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY (Uttar Pradesh): Sir, I would like the Minister first to tell us, very clearly, what were the slogans that were shouted, because the whole provocation appears to have come out of slogans. It is a fact that the BJP-RSS-VHP-all the hyphens, dashes and obliques have been raising highly provocative and disgusting slogans all over the country. One of the most stupid slogans I have heard is, *Garvse bolo hum Hindu hain.* Supposing I don't say with *garv* that I am a Hindu, does it mean that I am not a Hindu? Who are these people to tell us who is a Hindu and who is not a Hindu? So, these provocative slogans have definitely poisoned the atmosphere very greatly in the country. So, I think one needs to look at what the slogans shouted were.

But I will say this, that in a democratic country, however provocative a slogan, it nevertheless does not justify the taking the life of anybody, and since a life has been taken, the culprits behind that must be caught and due punishment must be given so that it is possible to maintain some decorum or order.

The third point I would like to know is, have you arrested any of the slogan shouters, because they are also quilty of breach of peace? There are a number of sections of the Indian Penal Code which have been violated by uttering these objectionable slogans.

So, consequently I would like to know from the Minister, if the Minister is listening, whether the Government of Gujarat has arrested any of the slogan-shouters.

Finally I would like to ask what steps the Government is taking to prevent this kind of situation from worsening because, as my friend here mentioned, this is the pattern we are finding all over the country.

I would like to know that the Government is going to do because a four-month deadline has been given by the BJP/RSS/VHP and God knows who else to the Government of India, and they have threatened to go ahead from June 8 with the the Ram Mandir construction.

Now there is a concern in the country today that the BJP/RSS/VHP etc. have

[Shri Subramaniam Swamy]

infiltrated the Government at all levels including the Doordarshan, and consequently their power is so enormous to do damage.

I would, therefore, like to know from the Government what concrete steps you have taken to see that this does not happen.

I would like to say that in order to prevent this from worsening if the Government tomorrow decides to ban the R. S. S., I would certainly support the Government in that.

SHRI S. K. T. RAMACHANDRAN (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, I am very sad that we have to discuss such matters in this august House. I hope that the whole House will share my feelings.

What has happened at the Palej Station is not a particular incident to be overlooked. It exposes the Symptem of malaise that is rocking the unity and integrity of the country for a few months. Clashes between different groups of castes, regions and religions spark at a certain place and spread to other areas like wild fire.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): Please come to clarifications.

SHRI S. K. T. RAMACHANDRAN: I am coming.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): We have taken a lot of time.

SHRI S. K. T. RAMACHANDRAN: No, Professor, you are my friend. *(Interruptions)* I don't want to cast aspersions on the Vice-Chairman.

If such clashes are to be averted, the favour of patriotism should be inculcated in the minds of the citizens of India from Kashmir to Kanyakumari. Under such circumstances, Political parties should restrain themselves in their outbursts. For political advantages the parties should not indulge in slogan-shouting or in any other unwarranted activities.

In the train at the Palej Station some slogans which were raised, have provoked the local people. I say, "the local people. " The Government has not come forward to tell us what exactly those slogans were. Will the Government make a clarification on this?

The other clarification I seek is, usually and in general the Government will order a magisterial enquiry either by an administrative officer like R. D. O. or by a judicial officer. Here peculiarly they have left the enquiry to be done only by a police officer. Why has the Government not come forward to order a judicial enquiry?

I seek these two clarifications.

श्री राम नरेश यादव (उत्तर प्रदेश): महोदय, माननीय मंत्री जी ने जो बयान सदन के सामने रखा है, वह बयान स्वयं ही इस बात को स्पष्ट करता है कि सरकार और मंत्री जी स्वयं ही इस प्रश्न पर स्पष्ट नहीं हैं क्योंकि अगर सरकार स्पष्ट होती तो बयान भी स्पष्ट रूप से आता लेकिन यह बात सही है कि लीपापोती करने की कोशिश की गई है और ऐसे समय में जबकि धर्मान्धता, कट्टरवादिता और सांप्रदायिकता हमारे देश के लिए और राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए बहुत जबरदस्त खतरा पैदा कर रही है, मैं यह कहना चाहता हूं कि बाहरी दुश्मन से तो बचा जा सकता है लेकिन अंदरूनी दुश्मन बहुत ही खतरनाक होता है । ऐसी स्थिति में ये जो नारे समय-समय पर आते हैं उन नारों के आधार पर सांप्रदायिकता का विष तेजी के साथ फैलता जा रहा है।

माननीय मंत्री जी ने कहा है कि नारे लग रहे थे, लेकिन और उस समय जबकि कुछ ही दिन पहले भड़ौच में साम्प्रदायिक दंगा हो चुका था, तनाव भी था और वहां से रेलगाड़ी चल रही थी दिल्ली के लिये, किस लिये ? कि अनुच्छेद-370 हटाओं संविधान से । इससे यह बात स्वयं ही स्पष्ट है कि एक तरफ तो सरकार की बाहर से सहायता भी करें और धारा-370 को हटा करके साम्प्रदायिक दंगे में खलल डालने का काम भी यह लोग करें । मैं इसलिये कह रहा था कि वहां नारे लग रहे थे, जिस पर वहां नजदीक रहने वाले कुछ मुसलमान लोगों ने उसका विरोध किया । मैं यह जानना चाहता हूं कि नारे लगाने से तो कोई विरोध इस तरह से होता नहीं । हां, अगर उत्तेजक नारे होंगे, बहुत ही राष्ट्र विरोधी नारे होंगे, दूसरे की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले नारे होंगे

तो निश्चित रूप से दूसरे को तो आपत्ति होगी ही। इसलिये मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि वह नारे उत्तेजक थे या नहीं? और उत्तेजक थे तो किस प्रकार के नारे थे? इस बारे में मंत्री जी बयान देंगे।

दूसरी बात यह है कि जब पहले से ही तनाव था भड़ौच में, गाड़ी चल रही थी, सारी बात थी और जबकि इतने लोग वहां पर इकट्ठे थे तो गुजरात का एडमिनिस्ट्रेशन उस समय तक क्या कर रहा था? उसके पहले जब यह मालूम था कि इस तरह के नारे लगाते हुये जा रहे हैं, दिल्ली पहुंच रहे हैं तो कोई प्रिकॉशनरी मेजर क्यों नहीं पहले एडाप्ट किया ताकि इस तरह की घटना स्टेशन पर होने नहीं पाती?

तीसरी बात यह है कि जिस तरह से घटना घटी है उसके संबंध में मैं जानना चाहता हूं कि कितने लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई? और जो लोग पकड़े गये तथा जो लोग अभी तक नहीं पकड़े जा सके हैं, उनके खिलाफ सरकार ने आज तक क्या कार्यवाही की ? इसमें निश्चित रूप से गुजरात की सरकार बिल्कुल फेल हुई है। इसलिये इस मामले पर मैं जानना चाहता हूं कि गुजरात की सरकार की तरफ से क्या कार्यवाही की गयी है?

आखिरी प्रश्न यह है कि मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि देश की सारी समस्याओं को ध्यान में रखते हुये कौन सा ऐसा कदम उठाने जा रहे हैं ताकि इस तरह की नारेबाजी पर प्रतिबंध लग सके और जो साम्प्रदायिकता फैलाने वाली ताकतें हैं उन पर रोक लग सके क्योंकि अगर यह ताकतें बढ़ती चली जायेंगी तो निश्चित रूप से देश के लिये खतरा होगा । इसलिये इसको रोकने के लिये भविष्य में इस तरह की घटनायें न हों तो ऐसा कौन सा कदम उठाने जा रहे हैं और क्या और भी पार्टियों से बातचीत करके उन नारों पर प्रतिबंध लगाने की बात सोच रहे हैं या और भी जो साम्प्रदायिक शक्तियां हैं उनके ऊपर भी बैन लगाने के बारे में सोच रहे हैं? दूसरे की भावनाओं को अगर आप उनको राष्ट्रविरोधी करार देने की बात करेंगे तो इस प्रश्न का उत्तर भी मैं माननीय मंत्री जी से स्पष्टीकरण के रूप में चाहता हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): Mr. Salaria. You promised that you will take half a minute.

SHRI SHABBIR AHMAD SALARIA (Jammu and Kashmir): I will be as short as possible.

The statement which has been made is unboubtedly ambiguous and it leaves much to be desired. Firstly it does not say, as was pointed out, what were the slogans being raised and what was the gravity of those slogans which gave provocation. Those who raised those slogans were obviously liable to be punished under the Indian Penal Code, but the statement makes it clear that the very person whose slogans led to scuffle and ultimately to a very unfortunate death of a citizen of our country has not been hauled up in any FIR. So, he, who invited and caused the trouble, has gone scot-free.

Secondly, this statement does not at all show whether Mr. Mathur's contention that the chain was pulled at the place where there was no station was correct or not. At least it makes clear only one thing that there was a halt of four minutes, which, according to the accusation made by Mr. Mathur, was not there. Therefore, the pulling of the chain had been done by somebody not from outside, but from inside the train. Therefore, the hon. Minister may be trying to catch hold of wrong persons. The persons who pulled the chain were actually persons who must have got down and started the trouble.

This is what must be gone into and found out as to who did it. Thirdly, what I want to submit before your honour is that...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): And that is the last one.

SHRI SHABBIR AHMAD SALARIA: Yes. I submit that this trouble which is going on in our country and leading to so many riots should be stopped. Is the Government thinking of banning such political parties or such associations which are creating communal disharmony or communal anti-pathy in a country where so many religious groups are living? It is high time in a country like India that such political parties or

[Shri Shabbir Ahmad Salaria] such groups of people who advocate religious intolereance and anti-pathy between various sections of the society are banned; otherwise the future of our country will not be good and we will be at a loss. So these are my submissions and these require clarifications from the Minister and they may kindly be clarified.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): The last Member is Shri Gopalsinh G. Solanki. I am sure you will be very brief.

SHRI GOPALSINH G. SOLANKI (Gujarat): Sir, Palej railway station is between Baroda and Bharuch where minority people do not reside nearby the station. If they want to go to the station, it will take at least 7 to 8 minutes because I am well acquainted with that particular place. It is also reported in the hon. Minister's statement that the crowd had gathered there. Therefore, I would like to invite the particular attention of the hon. Minister to clarify this thing: when the train had started and when the chain pulling had taken place, from which compartment the chain pulling had taken place? This is the first point which the Minister may clarify.

Then, another thing is that if the crowd was more than 200 or 350, who started shouting the slogans? May I know from the Minister whether the FIR reveals this particular FIR fact or not? This needs to be clarified. That is all I wanted to know from the Minister. (Ends).

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): I have to make two observations

SHRI ANANTRAY DEVSHANKER DAVE (Gujarat): I have given my name and I will take only one minute.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): There will be another occasion to discuss this matter. Please cooperate with. me. I am sure you are curious to listen to the Minister. I had accepted all the names and your name is not here. So please cooperate with us. Let us hear the Minister. I have to make two brief observations: (1) The matter is sensitive, although the whole statement relates to one incident. In the discussion people have made turns and twists in their comments. I only hope that the whole House agree with me that every citizen of India regardless of his community is a respectable citizen. there is no defference, no partiality, nothing of the sort and we expect that this cultural, social harmony will be maintained only if we have this kind of acceptance on unanimous basis.

The other part arises out of the clarification made by an hon. Member. If a word like "Muslirtis" in a sentence was avoidable or without basis, then, perhaps the Government could have done some forethought on that. I am sure the Minister will keep this in view.

SHRI VISHVJIT P. SINGH: It should be removed.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. CHANDRESH P. THAKUR): I think, what I have said is enough. The hon. Minister.

श्री अनन्तरे देवशंकर दवे: एक सब्मिशन चाहता हूं क्योंकि मेरे स्टेट का सवाल है। एक बात यह कहना चाहता हूं आपके माध्यम से कि 200 लोग स्टेशन पर दाखिल हुए तो उन्होंने प्लेटफार्म टिकट लिया या नहीं और **(व्यवधान)**

